6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण
राजधानी •
वर्ष 23 । अंक 227 । पृष्ठ : 20+6
मूल्य : चार रुपये

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 25 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष शुक्ल-पंचमी
विक्रम संवत-2082

उम्मीद | आरबीआई गवर्नर बोले-दरों में कटौती की गुंजाइश, फैसला एमपीसी पर निर्भर...कारोबार



# डीबीएफओटी मॉडल पर बनेगा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब

ग्रेटर नोएडा। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड-आईआईटीजीएनएल में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब का विकास निजी कंपनी करेगी। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस लॉजिस्टिक हब के डिजाइन से लेकर इसमें वित्तीय निवेश और संचालन की जिम्मेदारी एक ही कंपनी की रहेगी। नए साल में यह कंपनी काम शुरू करेगी। इसके लिए अगले साल फरवरी में कंपनी को तय करना है।

अधिकारियों ने कहा कि ऐसी कंपनी का चुनाव होगा जोकि पूरी तरह इस प्रोजेक्ट को संचालित कर सके। ऐसे में इसे डिजाइन, बिल्ट, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर- डीबीएफओटी मॉडल पर बनाया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अगुआई में आईआईटीजीएनएल ने शुरू की है।

## कंपनी के चयन की प्रक्रिया आईआईटीजीएनएल ने की शुरू

बोडाकी के पास विकसित हो रही इस टाउनशिप में बड़ी कंपनियों को जगह देने की योजना पर पहले ही काम शुरू हो चुका है। अब यहां 800 एकड़ में करीब 5800 करोड़ रुपये का खर्च कर लॉजिस्टिक हब बनाया जाना है।

यहां तक रेलवे लाइन की कनेक्टिविटी को मंजूरी भी पिछले दिनों ग्रेनो प्राधिकरण के बोर्ड से मिल गई है। अब यह रूट महायोजना 2041 में शामिल कर दिया गया है जिससे फ्रेड कारीडोर से इसे सीधे लिंक किया जा सके। सीईओ एनजी रवि कुमार का निर्देश है कि इस प्रोजेक्ट के लिए नामी कंपनी का चयन किया जाए जिसे अंतरराष्ट्रीय मानकों पर काम करने का अनुभव हो। ब्यूरो